<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–18.07.2024 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- सर्वोच्च न्यायालय में आज नीट यूजी–2024 के विवाद से जुड़ी 40 से अधिक याचिकाओं पर होगी सुनवाई।
- झारखंड के भाजपा प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड में बड़े पैमाने पर बांग्लादेशी घुसपैठ का लगाया आरोप।
- धनबाद और हजारीबाग में मुहर्रम जुलूस के दौरान झड़प, दारोगा समेत 32 लोग जख्मी।
- पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय टीम की घोषणा, झारखंड की दीपिका और निकिता समेत 117 सदस्य होंगे शामिल ।

********************

सर्वोच्च न्यायालय में आज चिकित्सा पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2024 के विवाद से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई निर्धारित की गई है। 11 जुलाई को सर्वोच्च न्यायालय ने परीक्षा को रद्द करने, दोबारा परीक्षा करवाने और नीट यूजी – 2024 के आयोजन में कथित गड़बड़ियों के मामले सहित सभी याचिकाओं पर सुनवाई स्थगित कर दी थी।

********************

झारखंड भाजपा के विधानसभा प्रभारी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड में बड़े पैमाने पर बांग्लादेशी घुसपैठ का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि विदेशी घुसपैठिए राज्य की डेमोग्राफी को बदल रहे हैं। श्री चौहान कल रांची में आयोजित सम्मान सह संकल्प समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव में महाविजय का संकल्प दिलाया।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आगामी त्योहारों के दौरान राज्य में सुरक्षा–व्यवस्था पुख्ता रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि अशांति फैलाने की साजिश रचने वालों की निगरानी करें और उन पर कड़ी कार्रवाई करें। श्री सोरेन कल अपने आवासीय कार्यालय में विधि–व्यवस्था एवं कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में विधि–व्यवस्था को बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

********************

श्रावणी मेला शुरू होने में चार दिन शेष बचे हैं। सरकार ने देवघर और बासुकीनाथ श्रावणी मेला के दौरान विधि–व्यवस्था संधारण, भीड़ एवं अपराध नियंत्रण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए झारखंड प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु उपसमाहर्ताओं की पोस्टिंग 18 जुलाई से 19 अगस्त तक की है। सभी पदाधिकारी को कार्यपालक दंडाधिकारी की शक्ति प्रदान की गई है और वह उपायुक्त के अधीन रहेंगे।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

<u>वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।</u>

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

********************

मुहर्रम जुलूस के दौरान कल राज्य के हजारीबाग और धनबाद में झड़प हो गई। इस घटना में दारोगा समेत ढाई दर्जन लोग जख्मी हो गए। प्रभावित जगहों पर पुलिस अधिकारी कैंप कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार हजारीबाग के बड़कागांव में जुलूस के दौरान आपत्तिजनक गाना बजाए जाने पर विवाद हो गया। इस दौरान हुए पथराव में दारोगा और एक जवान समेत दर्जन भर लोग जख्मी हो गए। जिले के पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि बड़कागांव में स्थिति नियंत्रण में है। इधर, धनबाद के पांडरपाला में जुलूस के मार्ग को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद में पत्थरबाजी के कारण करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। वहीं धनबाद के ही झरिया में करतब दिखाने को लेकर तीन अखाड़ों के सदस्य आपस में उलझ गए, जिसमें छह लोग जख्मी हो गए।

********************

दुमका जिले के नगर थाना क्षेत्र के श्री अमड़ा–रामपुर रिंग रोड पर रानीडिंडा गांव के पास कल देर शाम करंट लगने से एक कांवरिया की मौत हो गयी। मृतक पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले का रहने वाला था। साथी कांवरियों ने बताया कि दस लोग कल बाबा धाम और बासुकीनाथ धाम में जलार्पण करने के बाद तारापीठ जा रहे थे। दुमका रिंग रोड पर रानीडिंडा गांव के पास वाहन के ऊपर सामान बांधते समय बिजली तार की चपेट में आ जाने से छोटू की मौत हो गयी।

********************

दुमका जिले के नगर थाना क्षेत्र के श्री अमड़ा–रामपुर रिंग रोड पर रानीडिंडा गांव के पास कल देर शाम करंट लगने से एक कांवरिया की मौत हो गयी। मृतक पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले का रहने वाला था। साथी कांवरियों ने बताया कि दस लोग कल बाबा धाम और बासुकीनाथ धाम में जलार्पण करने के बाद तारापीठ जा रहे थे। दुमका रिंग रोड पर रानीडिंडा गांव के पास वाहन के ऊपर सामान बांधते समय बिजली तार की चपेट में आ जाने से छोटू की मौत हो गयी।

********************

झारखण्ड सरकार की कृषि आधारित योजना पाकुड़ जिले के खरीफ फसल उपजाने वाले किसानों के लिए मददगार साबित हो रही है।

********************

हजारीबाग जिले के बरही में कल सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। इस दौरान का 25 जोड़ों का हिन्दू रीति–रिवाज के तहत विवाह कराया गया। 25 गांवों से सज–धज कर बाराती विवाह स्थल पर आए थे। यहां उत्साह के माहौल में बेटियों के हाथ पीले किए गए। बारातियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था।

********************

पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम में झारखंड की दो महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी और अंकिता भकत समेत कुल एक सौ सत्रह खिलाड़ी शामिल हैं। 26 जुलाई से शुरू होने वाले खेलों के इस महाकुंभ में खिलाड़ियों के साथ कोच, सहयोगी स्टाफ और अधिकारी भी जा रहे हैं, जिनकी कुल संख्या एक सौ चालीस है। लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूर्व निशानेबाज गगन नारंग को भारतीय दल का प्रमुख बनाया गया है।

********************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित होने वाले अधिकांश अखबारों ने मुहर्रम जुलूस के दौरान राज्य में आधा दर्जन स्थानों पर झड़प और त्योहारों के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था किए जाने संबंधी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बयान को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर लिखता है–अपराध नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाएं, करें कड़ी कार्रवाई।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है–त्योहारों के दौरान सुरक्षा का करें पुख्ता इंतजाम : हेमंत।

दैनिक जागरण ने लिखा है–मुहर्रम जुलूस के दौरान आधा दर्जन स्थानों पर झड़प।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है–दुमका व जमशेदपुर में लहराया फिलिस्तीन का झंडा, बड़कागांव–बगोदर में पथराव, पुलिस ने किया लाठीचार्ज।

रांची एक्सप्रेस लिखता है–देवघर में 28, बासुकीनाथ में 12 कार्यपालक दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने निजी क्षेत्र की नौकरियों में आरक्षण का फैसला वापस लेने की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

********************